तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 18 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12

न डीजे का शोर, न फूहड़ डांस, बाजे-गाजे के साथ विघ्नहर्ता ...



## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत बोरगहन में 22 वर्षीय एक युवक ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 16 सितंबर सोमवार की शाम लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। लिमेंद कुमार यादव पिता खिलावन यादव ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय युवक घर पर अकेला था, उनके माता–पिता कृषि कार्य के लिए गए थे। जब युवक की मां काम से घर वापस आई तो अपने बेटे के शव को फांसी के फंदे पर लटके देखा। उन्होंने रोते बिलखते पड़ोसियों को आवाज लगाई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी रनचिराई पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। रनचिराई पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।



### बैहाकुआं गांव में बुजुर्ग ने तालाब में कूदकर दी जान

**डौंडीलोहारा।** रविवार को देर शाम ग्राम बैहाकुंआ के 68 वर्षीय बुजुर्ग सुकलुराम हल्बा ने शिव तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी। विवेचना अधिकारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि ग्राम में दो दिवसीय रामसत्ता का आयोजन किया गया था। उसके विसर्जन के लिए ग्रामीण तालाब के एक छोर पर थे। वहीं दूसरे छोर पर सुकलुराम ने तालाब में छलांग लगा दी। तुरंत ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला व नगर के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फरदफोड निवासी कुलेश्वर के रूप में हुई मृतक की पहचान

**डौंडीलोहारा।** रविवार को देर शाम लगभग साढ़े 5 से 6 बजे के बीच खरखरा बांध के वाटरफॉल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। संजारी चौकी सहित नगर की पुलिस टीम ने पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए लाश को निकाला व मरच्यूरी भिजवाया था। पतासाजी में लाश कुलेश्वर दास मानिकपुरी 53 वर्ष निवासी फ़रदफोड़ थाना देवरी के रूप में शिनाख्ती की गई। टीआई एलपी जायसवाल व संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि खरखरा से आगे ग्राम बेन्दरचुआ के समीप लगभग चालीस फीट ऊपर से नीचे की ओर गिरने वाले वाटरफॉल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौका मुआयना व परिजनों से पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वाटरफॉल देखने गया रहा होगा, जो पैर फिसलने या अन्य किसी कारण से गिरकर पानी में डूब गया होगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

**विवाद :** ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण का विवाद पहुंचा जिला मुख्यालय

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारियों पर एफआईआर की मांग को लेकर थाने में हंगामा

## कांग्रेस कार्यकर्ता, व्यापारियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय व बेरला थाने में सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि जमकर हंगामा बरपा। शहर के व्यापारियों एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ उनके समर्थक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रात 2 बजे तक जमकर हंगामा किया। देर रात पुलिस द्वारा क्रांति सेना के सूर्या सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध मामला दर्ज करने के बाद ही भीड़ थाने से लौटी। इस दौरान चारों तरफ अफरातफरी का माहौल रहा। हालांकि इस दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

- छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी पर मामला दर्ज होने के बाद लौटे

उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण के दौरान छत्तीसगढ़िया व गैरछत्तीसगढ़िया को लेकर विवाद हो गया। बताया जाता है कि वहीं, ग्राम सरदा में वाद विवाद एवं मारपीट के बाद मामला देर रात तक बेमेतरा में पहुंचा, जहां छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात मचाया जिससे बात ओर बिगड़ गई। इधर शहर के युवा भी एकजुटता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के विरोध में सामूहिक रूप से सामने आ गए।

**सूर्यासिंह सहित अन्य पदाधिकारियों पर चार अपराध दर्ज:** इस पूरे मामले में बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि निश्चित रूप से शांतिप्रिय बेमेतरा में इस तरह की घटना दुर्भाग्यजनक है। पुलिस इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है। इस मामले में बेमेतरा एवं बेरला में पुलिस द्वारा कल कर अपराध दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।





### बार-बार विरोध से नाराज लोगों ने सूर्या सिंह को जमकर पीटा

कार्यक्रम के दौरान बार-बार विरोध दर्ज कराए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सूर्या सिंह चौहान की लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण एएफआईआर दर्ज कराने बेरला थाने पहुंच गए। इस बीच छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ता बेमेतरा जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को घटना की जानकारी दी। इस बीच रायपुर से 40-50 कार्यकर्ता पहुंचे, जिसके बाद जय स्तंभ चौक के आसपास दो-तीन व्यापारियों पर हमला कर मारपीट किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, मारपीट की बात धीरे-धीरे शहर में फैलने लगी और लोगों ने एकजुट होकर क्रांति सेना खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया। वहीं, सूर्या सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज करने के बाद ही भीड़ थाने से लौटी।

### पूर्व विधायक छाबड़ा के हाथों उद्घाटन को लेकर विवाद

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरदा में सार्वजनिक मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ग्रामीणों ने निश्चित किया था। उक्त कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना कार्यकर्ता सूर्या चौहान के नेतृत्व में ग्राम पहुंचे और मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों नहीं कराने का आग्रह किया। लेकिन, ग्रामीणों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा से ही मंच का उद्घाटन करवा दिया।





### कांग्रेस ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सोमवार रात्रि हुई घटना के बाद बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंसी पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, सुमन गोस्वामी, ललित विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की एक टीम ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही निर्धारित अवधि में गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

### सर्व समाज व व्यापारी लामबंद, शहर बंद का निर्णय, फिर लिया वापस

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं पर सोमवार रात शहर के व्यापारियों के साथ बदतमीजी और मारपीट का आरोप लगाते हुए शहर के व्यापारी एवं सर्व समाज के पदाधिकारी लामबंद हो गए। वहीं, एक निजी होटल में बैठक कर सभी ने घटना की निंदा करते हुए इस मामले के मुख्य आरोपी और उनके सहयोगी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को बेमेतरा बंद करने का निर्णय लिया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक से मिलकर बंद का निर्णय लिए जाने की जानकारी दी। वहीं, देर रात कलेक्टर रणवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सर्वसमाज और व्यापारियों की बैठक बुलाई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित आरोपियों पर जिलाबदर से लेकर अन्य कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए बंद का निर्णय वापस लेने का आग्रह किया। प्रशासन के आश्वासन व आग्रह को देखते हुए सर्वसमाज और व्यापारियों ने बुधवार को प्रस्तावित बंद स्थगित करने का निर्णय लिया।

# कस्तूरबा की अरूणा का राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के लिए हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की बालिकाएं खेल के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। अंबिकापुर में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंबिकापुर में यहां की तीन बालिकाओं अरूणा यादव, मुकेश्वरी दुबे, जागेश्वरी ने गतका में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अरूणा यादव ने गतका में गोल्ड मेडल जीतकर अपना स्थान राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित कर लिया है। उन्होंने अपने माता-पिता और कस्तूरबा विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शाला परिवार में अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिका राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, दीप्ति, सावित्री सभी ने अरूणा की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की मौत प्रबंधन पर लग रहे लापरवाही के आरोप

### डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा अस्पताल, पर विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला सीमावर्ती इलाके के नगर पंचायत मुख्यालय परपोड़ी में स्थित अस्पताल स्वयं की व्यवस्था बीमार हो गई है। अनेक शिकायतों के बाद भी अस्पताल में डॉक्टर की उपलब्धता शून्य है, यहां पदस्थ डॉक्टर की अनुपस्थिति भी बड़ी लापरवाही की पराकाष्ठा है।

- डाक्टरों की अनुपस्थिति में नर्सों पर इलाज की जिम्मेदारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार परपोड़ी अस्पताल में 2 एमओ स्तर के डॉक्टर जिसमें एक डॉ. ओम वैष्णव और दूसरी डॉ. ईशिता धीर कार्यरत हैं, लेकिन लगातार इनकी अनुपस्थित के कारण मरीजों का इलाज नर्सों द्वारा किया जाता है।

गंभीर मामले में नर्सों की जानकारी के अभाव में पीड़ितों की हालत बिगड़ जाती है। आपको बता दें कि परपोड़ी हॉस्पिटल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा प्राप्त हो चुका है लेकिन अभी भी हॉस्पिटल मूलभूत आवश्यक सुविधाओं से वंचित हैं। स्थिति यह है कि इमरजेंसी के समय एंबुलेंस भी आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से मंगाना पड़ता है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों द्वारा पहले भी कई मौक़ों पर इस विषय में उच्च पदों में बैठे अधिकारियों कों अवगत कराया गया, लेकिन आज तक किसी अधिकारी द्वारा परपोड़ी हॉस्पिटल की सुध तक नहीं ली गई है। मामले में अपनी नवजात शिशु को चुकी ग्राम भटगांव निवासी कुमारी साहू ने क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। उक्त मामले में पीड़ित परिजन जल्द ही बेमेतरा जिला कलेक्टर से भी मुलाकात करने जा रहे हैं।




### परिजनों का बुरा हाल

कहा जाता है जिसके घर में मुसीबत आन पड़ी वही उस दर्द को समझ सकता है,ऐसा ही कुछ यहां भी है। नवजात की मौत पर समाज भले कुछ आंसू बहा दे, लेकिन असली पीड़ा परिवार ही समझ सकता है। परपोड़ी क्षेत्र के आमजनों के लिए यहां स्थित बीमार अस्पताल कोई अनदेखी मुसीबत से कम नहीं है। फार्मासिस्ट और ट्रेनी नर्सों के भरोसे पीड़ित मरीजों का उपयुक्त इलाज संभव नहीं है। डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर भी आमजनों में जमकर नाराजगी है।

### मासूम की जान गई जिम्मेदार कौन

मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में जन्मे एक नवजात शिशु की मौत हो गई है।, बीते दिवस अस्पताल के नर्सों की लापरवाही या जानकारी के अभाव में भटगांव के एक मासूम की जान चली गई। इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी यह तो विभाग ही तय करेगा, लेकिन एक बात तो तय है आज गई मासूम की जान से सबक नहीं ली गई तो और भी जान जाती रहेगी।

## जिला मुख्यालय में हुआ स्वच्छता दौड़ का आयोजन

# स्वच्छता जागरूकता के लिए अधिकारी-कर्मचारी व बच्चों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय में मंगलवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। दौड़ का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से किया गया, जो मुख्यालय के प्रमुख चौक और बाज़ारों से होकर गुजरी। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने स्वयं भी दौड़ में हिस्सा लिया और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। दौड़ में जनप्रतिनिधि, पार्षदों और अन्य गणमान्य नागरिक भी इस आयोजन का हिस्सा बने।



### स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित न रहे

दौड़ के बाद सभा में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमें अपने शहर और सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाए रखना है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि स्वच्छता हमारे समाज की समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू तथा जनप्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने भी स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज के हर वर्ग से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। मुख्य कार्यालयन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने सभी आभार माना। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों को आवश्यक बताया।

### मवेशी तस्करी: आरक्षक का बड़ा रोल, गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने तस्करों का साथ देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पाटन थाने का आरक्षक डिलेश्वर पठारे पर मवेशियों की तस्करी कराने का आरोप है। 10 सिंतबर को पाटन के फुंडा गांव स्थित एक फार्म हाउस में पुलिस टीम ने दबिश दिया था। जहां से पहले ही आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस को ट्रक में भरे और फार्म हाउस में बंधे हुए 46 मवेशियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी, सुदीर्घ, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश ने सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का जो विजन दिया है, उसी के अनुरूप हम विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं।

### वीआरएस अब 17 साल की सेवा के बाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक अब 17 साल की सेवा पूरी होने के बाद वीआरएस ले सकते हैं। राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए (वीआरएस) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिये जाने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 में संशोधन किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वीआरएस के लिए 20 साल की सेवा अवधि पूरी होने की अनिवार्यता थी। राज्य सरकार ने अब इस संबंध में नया संशोधन जारी किया है। केंद्रीय सरकार के अधीन काम करने वाले शासकीय सेवकों के लिए इससे अलग प्रावधान है।

### मोर आवास-मोर अधिकार में शामिल होंगे सीएम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितंबर को सुबह 10.30 बजे राजधानी रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित रहेंगे।

### पायलट ने दी शर्मा को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री स्व. सुभाष शर्मा के निवास जाकर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा, स्व. सुभाष शर्मा के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। इस अवसर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम उपस्थित थे।

### राज्य में भय का माहौल अपराधी बेखौफ : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में रोज-रोज हो रही हत्याओं से प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई। गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई। कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है।

# सदस्यता अभियान में ऐसा ऑफर, तीन हजार सदस्य बनाएं, मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका पाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान प्रदेश में बहुत तेज गति से चल रहा है। रोज एक लाख से ज्यादा सदस्य बन रहे हैं। अब तक 13 लाख सदस्य बन गए हैं। सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में दो तरह की होड़ चल रही है।

एक तो सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सदस्य बनाने की होड़ है, इसके साथ ही दूसरी सबसे बड़ी होड़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने को लेकर है। प्रदेश संगठन ने सदस्यता अभियान में पहली बार ऑफर भी लाने का काम किया है। जो भी कार्यकर्ता तीन हजार सदस्य बनएंगे, उनको जहां मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा, वहीं उनका सम्मान भी किया जाएगा। यह योजना आम कार्यकर्ता के लिए है।

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ कई मंत्रियों और प्रदेश के दिग्गज नेताओं को एक कार्यक्रम में सदस्य बनाने के साथ प्रारंभ हुआ है। सदस्यता अभियान बूथ स्तर 6 सितंबर से चल रहा है। बूथों पर फोकस करते हुए हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बूथ में आम कार्यकर्ता जाकर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में 25 हजार के आस-पास बूथ हैं ऐसे में 50 लाख के लक्ष्य तक बूथों के माध्यम से ही पहुंचने की योजना भाजपा संगठन की है।

### ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा

**ऐसा ऑफर पहली बार**

प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ सदस्य बनाने के लिए पहली बार एक ऑफर योजना भी बनाई है। इस योजना में कहा गया है कि जो भी सामान्य कार्यकर्ता तीन हजार या इससे ज्यादा सदस्य बनाने का काम करेंगे, उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए डीनर या फिर लंच का आयोजन होगा। यही नहीं तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान भी कराया जाएगा। इस योजना से सांसद, विधायकों को अलग रखा गया है क्योंकि उनको संगठन ने अलग से लक्ष्य दिया है। सांसदों को 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने हैं। इस ऑफर के बाद शहर से लेकर गांवों तक भाजपा कार्यकर्ता इस प्रयास में जुट गए हैं कि उनके लिंक से तीन हजार सदस्य बन जाएं ताकि उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिल सके।



**तय की है ऐसी योजना**

कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए ऐसी योजना तय की गई है। तीन हजार सदस्य बनाने वालों को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा और उनका सम्मान भी होगा।

\- अनुराग सिंहदेव, प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

## ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# साय ने कहा- ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का रहेगा अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट एंड एक्सपो (री-इंवेस्ट-24) में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को मंच से साझा किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ राज्य का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सोलर एनर्जी, हायडल एनर्जी, बायोगैस से बिजली के उत्पादन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में बिजली की खपत 5500 मेगावाट है। प्रदेश में करीब 15 प्रतिशत बिजली का उत्पादन रिन्यूएबल एनर्जी के स्त्रोतों से किया जा रहा है। इसे आने वाले समय में 45 प्रतिशत तक बढ़ाने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे जहां अक्षय ऊर्जा से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौती से निपटने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के माध्यम से छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा तथा अन्य गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, अक्षय ऊर्जा प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का स्त्रोत है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत हमेशा मौजूद रहने वाले हैं। पूरी दुनिया इनकी ओर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में भी हम सब अक्षय ऊर्जा के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ भी प्रमुख भूमिका निभाएगा।



**ये देश हुए शामिल :** एक्सपो समिट में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश हिस्सा रहा हैं। वहीं इस साल प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भागीदारों में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गोवा के मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के उर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद एवं क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा भी उपस्थित थे।

### वनांचलों में सौर ऊर्जा से बिजली


प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचलों में स्थित गांवों में जहां बसाहटें काफी बिखरी हुई होती हैं। बसाहटों की दूरी एक दूसरे से दो-तीन किमी तक होती है। बीच में कोई नाला आ गया, कोई छोटी सी पहाड़ी आ गई। ऐसे में बिजली की लाइन खींचना बेहद कठिन होता है और लागत बढ़ जाती है। ऐसे क्षेत्रों में क्रेडा द्वारा सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### ढाई हजार शासकीय भवन सौर ऊर्जा से रोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ढाई हजार से ज्यादा शासकीय भवन, आश्रम छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्र सौर ऊर्जा से रोशन हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रेडा को वर्ष 2018 में सराहा गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर योजना से देश का आम आदमी अब बिजली खरीदने वाला नहीं, बिजली बेचने वाला बन जाएगा। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना के उत्साह जनक परिणाम मिल रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में वार्डवार शिविर लगाकर लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक किया जा रहा है और मौके पर ही फार्म भराए जा रहे हैं।

### तातापानी में 100 किलोवाट का भूतापीय विद्युत संयंत्र लगाने का निर्णय

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भिलाई के बीच चरौदा में रेलवे की जमीन पर सोलर प्लांट लगाया गया है। इस सोलर प्लांट से रायपुर और दुर्ग की लोकल ट्रेन चल रही हैं। इसी तरह बलरामपुर जिले के तातापानी में गर्म जल के प्राकृतिक कुंड हैं। यहां लिया गया है। खेती-किसानी में भी सिंचाई के लिए सौर सिंचाई पंपों का उपयोग किया जा रहा है। क्रेडा द्वारा किसानों के खेतों में डेढ़ लाख से ज्यादा सोलर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं।



# मरीज रेफर करने सरकारी अस्पतालों को बताना पड़ेगा ठोस कारण, निजी पैथोलॉजी लैब होंगे सूचीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्वास्थ्य मंत्री ने ली वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन की बैठक

सरकारी अस्पतालों से थोक में मरीजों को रेफर करने के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकारी अस्पताल अगर किसी मरीज को दूसरे हास्पिटल भेजते हैं, तो उन्हें ठोस वजह बताना होगा। आने वाले दिनों में कारणों का पता लगाने के लिए समीक्षा होगी और कमियों को सुधारा जाएगा। राज्य में संचालित निजी पैथोलॉजी लैब को एक महीने के अंदर सूचीबद्ध किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन तथा विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरकारी अस्पतालों से मरीजों को दूसरे हास्पिटल रेफर किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इसके लिए संबंधित अस्पताल और डाक्टर को ठोस कारण बताना होगा, ताकि कमियों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित होने वाले पैथोलॉजी लैब को एक माह के भीतर सूचीबद्ध किया जाए और अनियमित लैब के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को आसानी से जांच संबंधी सुविधा मिल सके। चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस के मामले में उन्होंने कहा कि उन्हें नियमानुसार भत्ता दिया जा रहा है। इसके बाद भी यदि नियम विरुद्ध प्रेक्टिस करते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान मनोज कुमार पिंगुआ, एमडी एनएचएम जगदीश सोनकर तथा एमडी सीजीएमएससी पद्मिनी भोई साहू भी उपस्थित थीं।

### तीन माह में पांच सौ जन औषधि केंद्र

राज्य के लोगों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को पुन सक्रिय किया जाएगा। सरकारी के साथ निजी सेक्टर में तीन माह के भीतर पांच सौ जनौषधि केंद्र खोले जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए विभागीय स्तर पर एक माह के भीतर योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मौसमी बीमारी पर गंभीर

स्वास्थ्य मंत्री ने मौसमी बीमारी पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास किया जाए। मरीजों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए, अस्पतालों में पर्याप्त दवा और जांच किट उपलब्ध होने चाहिए। स्वाइन फ्लू के मामले में विशेष सतर्क बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# पायलट ने वरिष्ठ नेताओं के साथ उपचुनाव निकाय और पंचायत चुनाव की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर मंथन किया। वहीं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति के साथ संगठन में बदलाव को लेकर भी रणनीति तैयार की। संगठन में युवाओं नेताओं को जगह मिलेगी। वहीं कवर्धा में हुई घटना को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को घेरेगा।



कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में हुई। पहली बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तैयारी को लेकर हुई। चुनाव को लेकर शहर के 19 वार्ड के बूथ कमेटियों की समीक्षा की गई। यहां के प्रभारियों द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं की बैठक की जानकारी ली गई। सभी बूथों में नेताओं को उपचुनाव के पहले सक्रिय कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में मदद करने कहा गया। वहीं उप चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के संबंध में भी चर्चा की गई।

**महंत-बैज गले मिले कांग्रेस में मची हलचल**



छग कांग्रेस संगठन में बदलाव की खबरों के बीच नई तस्वीर सामने आई है। जहां डॉ. चरणदास महंत और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज गले मिलते दिख रहे हैं। दरअसल प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को विदा कर नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत पीसीसी अध्यक्ष के घर पहुंचे थे, जहां दोनों के बीच काफी देर तक हुई मंत्रणा हुई। यह तस्वीर सामने आई के बाद कांग्रेस में हलचल मची हुई है।

### नगरीय निकायो में जल्द नियुक्त होंगे प्रभारी

दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की आने वाले नगरीय निकाय, पंचायत के चुनाव के संबंध में तथा प्रदेश संगठन की गतिविधियों के संबंध में हुई। निकाय चुनाव को लेकर आने वाले दो माह बाद कभी कार्यक्रम जारी होने की संभावनाओं के बीच सभी निकायों में प्रभारी नियुक्त करने पर जोर दिया गया। प्रभारियों के माध्यम वहां के चुनाव की निगरानी जिला और ब्लॉक स्तर पर की जाएगी।

# एनजीटी की नई गाइडलाइन मूर्ति विसर्जन केवल कुंडों में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मंगलवार से गणेश प्रतिमा विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन इससे पहले ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने मूर्ति विसर्जन संबंधी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की नई गाइड लाइन प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को भेजी है और उस पर अमल करने कहा है। निर्देश में कहा गया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे जलीय जीव जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है। यही नहीं, जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। गणेश उत्सव एवं दुर्गोत्सव पर्व पर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गाइड लाइन जारी की गई है।

### ये हैं एनजीटी के निर्देश

नदी और तालाब में विसर्जन के लिए विसर्जन पाँड, बन्ड, अस्थाई पाँड का निर्माण करके ही मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुयें इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका निपटान (अपवहन) उचित तरीके से किया जाए। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सकें।

### विसर्जन स्थल पर न जाए वेस्ट मटेरिटल

निर्देश में कहा गया है कि विसर्जन के बाद वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में किया जा सकता है। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित है। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। पूर्व से ही चिन्हांकित विसर्जन स्थल पर नीचे सिंथेटिक लाईनर की व्यवस्था की जाये तथा विसर्जन के बाद लाईनर, विसर्जन स्थल से हटाया जाये, जिससे कि मूर्ति विसर्जन के बाद उसका अवशेष बाहर निकाला जा सके। मूर्ति केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय, ईको फ्रेंडली, कच्चे माल की बनी होनी चाहिए।

# सनकी आशिक ने युवती को मिलने के बहाने बुलाकर गला रेत दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना के समय नशे में धुत था आरोपी

एकतरफा प्यार में युवती की हत्या करने वाले आरोपी ने नशे में धुत्त होकर युवती को मरीन ड्राइव में बुलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को प्रारंभिक पड़ताल में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतका, उसकी छोटी बहन तथा हत्या का आरोपी मरीन ड्राइव के पास कहीं किराए के मकान में आसपास रहते थे। तीनों राजनांदगांव के रहने वाले थे, इसलिए उनकी आपस में एक दूसरे के साथ जान पहचान थी।

पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश्वर तारक ने युवती को मरीन ड्राइव में मिलने के लिए बुलाया था। लोकेश ने युवती को अकेले आने के लिए कहा था। मृतका की बहन के अनुसार उसकी दीदी मिलने आने से मना कर रही थी, तब लोकेश ने योगिता को जिद कर मिलने आने के लिए विवश किया। मृतका की बहन के अनुसार उसे इस बात पर यकीन ही नहीं था कि उसकी दीदी जिससे मिलने गई थी, वह उसकी हत्या कर देगा।

### इस बात से था नाराज

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश को योगिता के किसी दूसरे आदमी से बात करना पसंद नहीं था। योगिता मोमोज सेंटर में अपने अन्य सहकर्मियों से बात करती थी। इस बात की जानकारी मिलने पर लोकेश योगिता को अपने सहकर्मियों से बात करने से मना करता था। इस बात को लेकर योगिता ने लोकेश को फटकार भी लगाई थी। साथ ही योगिता ने लोकेश को उसके शादीशुदा होने की बात कह कर उससे दूर रहने की हिदायत दी थी। इसी बात से नाराज होकर लोकेश ने योगिता की हत्या करने का प्लान कर पहले छक कर शराब पी, उसके बाद उसकी मरीन ड्राइव में गला रेतकर हत्या की।

# भाठागांव बस टर्मिनल के पास 1 करोड़ में बनेगा नया फूल बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगर निगम ने शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

भाठागांव में इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास नगर निगम शहर का नया फूल बाजार बनायेगा। इसके लिए 1 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है। नए फूल बाजार में फूल विक्रेताओं के लिए 50 नई दुकानें बनाई जायेंगी। निगम प्रशासन ने इसके लिए पहले ही जमीन चिन्हांकित कर रखी है। राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित शारदा चौक का पुराना फूल बाजार शहर के विस्तार के साथ अब छोटा पड़ने लगा है। वहीं यातायात के बढ़ते दबाव और पुष्प विक्रेताओं की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए नगर निगम अब भाठागांव के नए बस टर्मिनल के पास शहर का दूसरा नया फूल बाजार बनायेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दो माह पूर्व इस संबंध में स्थल निरीक्षण कर जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल को नए फूल बाजार का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये। चिन्हांकित स्थल पर जोन 6 कमिश्नरी ने 50 दुकानों वाला सिंगल फ्लोर का फूल बाजार बनाने प्रस्ताव बनाया है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

### दुकानों के संबंध में जिला कलेक्टर लेंगे निर्णय

सूत्रों के मुताबिक भाठागांव में प्रस्तावित नए फूल बाजार में बनने वाली 50 दुकानों के आवंटन के संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा गठित समिति निर्णय लेगी। इसकी मानिटरिंग का जिम्मा जोन 6 कमिश्नरी को दिया जायेगा। नए बस स्टैंड के पास नगर निगम की आधा एकड़ जमीन खाली पड़ी है, जिसे नये फूल बाजार के लिए चिन्हांकित कर सुरक्षित रखा गया है।

**प्रत्येक झांकी पर 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी**

# गणेश प्रतिमा विसर्जन में बदमाशों पर 'स्पेशल 30' की टीम नजर रखेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में दो दिन के बाद गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का महादेव घाट कुंड में विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन में किसी भी प्रकार का व्यवधान रोकने पुलिस ने झांकी के लिए सात एंट्री पाइंट तैयार किए हैं। एंट्री पाइंट में संदिग्धों की जांच की जाएगी। इसके बाद झांकी को शारदा चौक पर एंट्री दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने बदमाशों पर निगरानी रखने क्राइम ब्रांच की स्पेशल 30 की टीम तैयार की है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदा चौक से झांकी निकाली जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार इस बार प्रतिमा विसर्जन के लिए 40 के करीब झांकी निकलने की संभावना है। झांकी शारदा चौक से जयस्तंभ, मालवीय रोड होते हुए कोतवाली चौक जाएगी। इसके बाद कोतवाली चौक से सदर बाजार होते हुए कंकाली तालाब से सीधे पुरानी बस्ती फिर लाखेनगर चौक तक जाएगी।

### ड्रोन के साथ आईटीएमएस कैमरा से निगरानी

पुलिस अफसर के अनुसार झांकी के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी पर नजर रखने ड्रोन कैमरा के साथ आईटीएमएस कैमरा की मदद ली जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में बैठे जवान सभी कैमरों की फूटेज की निगरानी करेंगे। संदिग्धों के दिख जाने पर कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। झांकी विसर्जन के दौरान अस्थायी तौर पर कोतवाली थाना को कंट्रोलरूम बनाया जाएगा।



**शुरू कर दी गई है तैयारी**

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकलने वाली झांकियों के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रतिमा विसर्जन के दिन सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के बल के साथ जरूरत के हिसाब से लाइन से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिन रास्तों से झांकी निकलेगी, उन रास्तों में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं।

\- एएसपी सिटी, लखन पटले

## खबर संक्षेप

### रीति ने चक्रधर समारोह में दी कथक की प्रस्तुति



**रायपुर।** रायगढ़ जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 39वें चक्रधर समारोह में गत दिनों गुरु तरुण शर्मा के मार्गदर्शन में रीति लाल ने लखनऊ घराने में कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी है, जिसके गीत छाप तिलक सब छीन ली, तोसे नैना लगाइयके सुप्रसिद्ध अमीर खुसरो द्वारा लिखित है। चक्रधर समारोह राष्ट्रीय स्तर का नृत्य एवं संगीत को समर्पित महाराजा चक्रधर की स्मृति में मनाया जाने वाला प्रतिष्ठित समारोह है। कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा की कक्षा 8वीं की छात्रा रीति लाल 5 साल की उम्र से कथक की शिक्षा ले रही हैं। वे राजेश लाल की पुत्री हैं।

### ओमकार बने साहू समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** साहू समाज द्वारा यतीयतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में रविवार को गंगानगर, गोवर्धन नगर भनपुरी की बैठक ली गई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से साहू समाज का वार्ड अध्यक्ष ओमकार साहू को चुना। साथ ही महिला उपाध्यक्ष अमरीका साहू और यश कुमार साहू को चुना गया। इस अवसर पर शहर जिला साहू संघ के केशवराम साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विसर्जन कुंड स्थल पर गोताखोरों की टीम तैनात

**रायपुर।** महादेव घाट में गणेश विसर्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान विसर्जन कुंड एवं महादेव घाट स्थल पर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर गोताखारों की टीम भी तैनात की गई है। अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसएसपी संतोष सिंह ने सोमवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर और एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों को विसर्जन कुंड के आसपास गोताखोरों को मूर्ति विसर्जन होने तक दिन-रात तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम अधिकारियों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।

### हत्या के दो मामलों में बनी कांग्रेस की जांच समिति

रायपुर। सुकमा जिले के एतकल में जादू-टोने के नाम पर पांच लोगों की हत्या के मामले में कांग्रेस ने जांच समिति का गठन किया है। समिति में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में कवासी लखमा, विक्रम मंडावी, रेखचंद जैन, दुर्गेश राय और महेश्वरी मंडावी जिला अध्यक्ष सुकमा को शामिल किया गया है।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को मिला नया कुलपति

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा का कार्यलाय समाप्त हो गया है। उनकी जगह आगामी आदेश तक संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर को यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बनाया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा का कार्यकाल कुलपति के रूप में 12 सितम्बर 2024 को समाप्त गया है। इस अवसर पर हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव कुलदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नए कुलपति राठौर के विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलसचिव कुलदीप ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कुलपति के पदभार ग्रहण करने के बाद संभाग आयुक्त ने विश्वविद्यालय के कुल सचिव अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। यूनिवर्सिटी के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

# छत्तीसगढ़ में मैनुअल गिरदावरी का ये आखिरी साल, अगले साल से डिजिटल क्रॉप सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन के दौरान हर साल मैनुअल तरीके से होने वाली गिरदावरी का ये आखिरी साल है। अब तक प्रदेशभर में यह काम लगभग 50 प्रतिशत हो चुका है।

30 सितंबर तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन दशकों से चली आ रही इस तरह की गिरदावरी अगले साल से नहीं की जाएगी। इसकी जगह जियो रेफरेंस के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे होगा। राज्य में फिलहाल डिजिटल सर्वे पायलट प्रोजेक्ट के रूप तीन जिलों और अन्य जिलों की एक-एक तहसील में किया जा रहा है।

### क्या होती है गिरदावरी

किसान द्वारा अपने खेत के कितने रकबे में कौन-कौन सी फसल की बुआई की गयी है, यह जानकारी पटवारी द्वारा शासन के डॉक्यूमेंट में दर्ज करवाई जाती है। इसी डॉक्यूमेंट को गिरदावरी कहा जाता है। पटवारी जमीन की डिटेल्स के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिसमें जमीन के मालिकों के नाम और जमीन में उनका हिस्सा शामिल होता है। इससे जमीन की डिटेल्स की पुष्टि हो जाती है। पटवारी जमीन को मापता है और उसकी बाउंड्रीज को वेरिफाई करता है। पटवारी इसलिए ऐसा करता है, ताकि पता लगाया जा सके, जमीन का रिकॉर्ड सही है। पटवारी जमीन पर जो फसले उगाई जाती है, उसके प्रकार, खेती के तहत एरिया और उपज को रिकॉर्ड करता है।



- पटवारी गांव-गांव में हर खेत में जाकर ले रहे हैं फसल का ब्योरा
- धमतरी, महासमुंद, कवर्धा में डिजिटल क्रॉप सर्वे

### अब तक हो चुकी 50 प्रतिशत गिरदावरी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 50 प्रतिशत काम हो चुका है। इसमें से अधिकतर गिरदावरी पटवारियों द्वारा मैनुअल तरीके से की गई है। बताया गया है कि गिरदावरी का काम पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। यह अवधि पूरी होने के बाद राजस्व विभाग हर पंचायत में गिरदावरी का प्रकाशन करेंगे। इसके साथ दी गिरादावरी पर 10 दिनों में दावा आपत्ति बुलाई जाएगी। इसका निराकरण होने के बाद अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद भी यदि किसान असहमत हो तो वह तहसीलदार के न्यायालय में आवदेन कर सकते हैं, यदि किसान का दावा सही है, तो फसल के रकबे में सुधार किया जाता है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी गिरदावरी में आई फसल की जानकारी के आधार पर ही की जाती है। इस लिहाज से यह किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण काम है।

### तीन जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे, अगले साल से प्रदेश में

एग्रीस्टेक परियोजना में खरीफ-2024 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले का पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयन किया गया है। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में डिजिटल फसल सर्वे के लिए इन जिलों का चयन किया गया है। इन तीनों जिलों के प्रत्येक गांव में डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है।। इसके अलावा राज्य के शेष जिलों में एक-एक तहसील में डिजिटल फसल सर्वे का कार्य चल रहा है। इसकी शुरुआत 9 सितंबर से हुई है जो 30 सितंबर तक चलेगी। अगले साल से पूरे छत्तीसगढ़ में जियो रेफरेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाएगा।

**आयोजन**

**जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है प्रदर्शनी का आयोजन**

# कलेक्टोरेट में विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक दीपेश ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने किया। कलेक्टर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी राजेंद्र शर्मा, ज़िला प्रशासन के ज़िला अधिकारी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, कलेक्टर जनदर्शन में आये लोगों सहित स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों का स्वागत सहायक संचालक जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर ने किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते बचपन के दिनों और उनके किए गए काम के साथ सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में रंगीन छायाचित्र और स्लोगन के ज़रिए बखूबी दर्शाया गया है। प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया है। प्रदर्शनी को अधिकारी-कर्मचारी गणमान्य नागरिक, कामकाज के सिलसिले में कलेक्ट्रेट आने वाले व्यक्ति के साथ स्कूली बच्चों में इसे




लेकर ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बीते बचपन, साहसिक काम, कर्म के प्रति उनका समर्पण,उनकी पाठशाला और उनकी माँ की तस्वीर बच्चों को लुभा रही है ।

विधायक दीपेश साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान की भी शुरुआत हुई है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने लोगों से आपने आसपास,घर-द्वार के साथ सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान किया ।

### स्कूल के बच्चों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

प्रदर्शनी स्थल पर निःशुल्क जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी निःशुल्क है। पहले दिन प्रदर्शनी को देखने ज़िला मुख्यालय स्थित सरकारी, ग़ैर सरकारी स्कूल के कक्षा 9 वीं और 11 वीं के जवाहर नवोदय विद्यालय,एलॉन्स पब्लिक स्कूल,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मध्यम विद्यालय और एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कक्षा 9 वी एवं 11वी के छात्र-छात्राओं ने भी दिलचस्पी दिखायी।

### प्रधानमंत्री के बचपन के क्रियाकलापों की मिली जानकारी

स्कूल के बच्चों कपिल, रेखा,वंदना कमल ने कहा कि प्रधानमंत्री का बचपन में मगरमच्छों से भरे तालाब को तैरकर पार किया। उसी तालाब में उन्होंने एक मगरमच्छ के बच्चे को बचाया और उसे पकड़कर घर भी ले आए, जिसे बाद में माँ के समझाने पर वापस भी छोड़ आए। यह जानकर अच्छा लगा । यह उनकी दयाशीलता प्रकट करती है। उनके युवा अवस्था के कामों से हम अभी तक अनजान थे।प्रदर्शनी के माध्यम से किए कामों की जानकारी मिली।

# पूर्व विधायक छाबड़ा ने किया श्री राम मंच का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम सरदा में निर्मित श्री राम मंच का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सभी के इष्ट हैं और उनके बताए रास्तों पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

उन्होंने लोगों से भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्री राम मंच के उद्घाटन अवसर पर ग्राम सरदा में मटकी फोड़, बिंदी टिप, कुर्सी दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ मां सरस्वती महिला मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चिंता कोसले रामविलास साहू श्यामलाल साहू घनश्याम साहू संदीप साहू मौजी राम साहू जोगेंदर छाबड़ा सुमन गोस्वामी ललित विश्वकर्मा रवि रजक आशुतोष गर्ग के साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाएं व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुजराती समाज के अतिथि गृह निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुजराती समाज रायपुर द्वारा फाफाडीह में सोमवार को सर्वसुविधायुक्त सामाजिक अतिथि गृह के निर्माण का भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

गुजराती महिला मंडल, गुजराती शिक्षण संघ, गुजराती समाज सभी घटक के पदाधिकारी सदस्य की उपस्थिति में पं. हितेश भाई द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अतिथि गृह भवन निर्माण शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कि गुजराती समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। गुजरात ने राष्ट्रीय स्तर पर धर्म अध्यात्म में अपनी सहभागिता प्रदान



करने के लिए अनेक संत महापुरुष तथा प्रख्यात कथावाचक दिए हैं। इस भवन में रिसेप्शन के साथ ऑफिस होंगे तथा दो फ्लोर में 28 कमरे, जिसमें सभी प्रकार की सुविधा दिए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च, सेवा सुरक्षा के लिए लगाई गुहार

- सड़क दुर्घटना में दिवंगत शिक्षिका हेमा सिंह को दी श्रद्धांजलि
- भरतपुर सोनहत से लेकर बस्तर से कोटा तक के सहायक शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर और सरगुजा संभाग में बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर चल रहे संकट के बीच सहायक शिक्षिका हेमा सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी स्मृति में सैकड़ों सहायक शिक्षकों ने राजधानी रायपुर के नेताजी सुभाष स्टेडियम से कैंडल मार्च निकाला। इसमें आदिवासी क्षेत्र सरगुजा के भरतपुर सोनहत से लेकर बस्तर के कोंटा तक के सहायक शिक्षक शामिल हुए। 2 सितंबर



2024 को जिला दंतेवाड़ा में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 3 हजार बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की पदमुक्ति के आदेश के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लौटते समय सहायक शिक्षिका हेमासिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। शिक्षिका स्वर्गीय हेमा सिंह को श्रद्धाजलि देने मंगलवार को बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने रायपुर में कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च सुभाष स्टेडियम से मोतीबाग चौक होते हुए पुराना निर्वाचन आयोग कार्यालय के पीछे तक गया। कैंडल मार्च के दौरान शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा के लिए सरकार से गुहार लगाई। दंतेवाड़ा जिले की सहायक शिक्षिका हेमा सिंह के सम्मान में निकाले गये कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

# आयात शुल्क के नाम पर खाद्य तेलों में लूट का बड़ा खेल, पुराने स्टॉक में ही 30 रुपए तक बढ़ा दिए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद प्रदेशभर में पुराने स्टॉक में मुनाफाखोरी का जमकर खेल हो रहा है। जहां डूमरतराई थोक बाजार

- डूमरतराई में रोज 80 लाख से एक करोड़ रुपए तक का बिकता है खाद्य तेल

के कारोबारियों ने सोया और राइसब्रान जैसे तेलों में 20 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा कर दिया है, वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारियों ने भी कीमत 20 रुपए और चिल्हर दुकानदारों ने कीमत में 30 रुपए का इजाफा कर दिया है। जो सोया तेल बीते शुक्रवार को थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए था, वह अब 140 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से राइसब्रान का हरेली तेल भी थोक में 100 और चिल्हर में 110 रुपए बिक रहा था,



**हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत :** राइसब्रान का हरेली तेल छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते हुए कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 20 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए का इजाफा कर दिया है। डूमरतराई में थोक में यह 1410 रुपए में एक पेटी 12 लीटर का पैक मिल रहा है। इसको शहर के थोक कारोबारी 1560 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह तेल भी थोक में 130 रुपए में मिल रहा है। इसको चिल्हर कारोबारी 140 रुपए में बेच रहे हैं।

उसको 140 रुपए में बेचा जा रहा है। डूमरतराई बाजार में रोज खाद्य तेलों का ही कारोबार रोज का 80 लाख से एक करोड़ का होता है।

केंद्र सरकार ने आयात शुल्क में इजाफा किया है। इसके बाद से ही राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद अब तक न तो नया माल आया है और न ही तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने नई कीमत जारी की है, लेकिन राजधानी रायपुर के थोक कारोबारियों ने अपने मन से ही 20 रुपए तक कीमत में इजाफा कर दिया है। यह बढ़ी कीमत पुराने स्टॉक पर ली जा रही है। वैसे बीते माह ही थोक में पांच रुपए तक चिल्हर में कीमत में 5 से 15 रुपए तक प्रति लीटर में इजाफा किया गया था। अब फिर से दाम 20 से 30 रुपए और बढ़ा दिए गए हैं।

### थोक में 20 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइस ब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइस ब्रान थोक में 90 रुपए के आस-पास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था। लेकिन बीते माह त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। अब एक बार फिर से आयात शुल्क के कारण कीमत में इजाफा किया गया है। इस समय डूमरतराई में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाली कीर्ति गोल्ड जहां पेटी में 1430 में मिल रहा है, वहीं इसको शहर के थोक कारोबारी 1550 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह थोक में 130 रुपए पड़ रहा है। इसको चिल्हर किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में 140 में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह 110 रुपए में बिक रहा था।

# कैट ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास को भेजा पत्र, चिंता से कराया अवगत

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने ई कामर्स कंपनियों के साथ बैंको की मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस पर गहरी चिंता जताते हुए कैट के पदाधिकारियों ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एक चिट्ठी भी लिखी है। इसमें कहा गया है कि यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए असमान प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रही है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को भेजे गए एक महत्वपूर्ण पत्र में, कैट ने अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत पर गहरी चिंता व्यक्त की। यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए ठीक नहीं है। अमर पारवानी ने बताया कि कैट ने आरबीआई गवर्नर को भेजे पत्र में बैंकों, ई-कॉमर्स कंपनियों और ब्रांड मालिकों के बीच अनैतिक सांठगांठ का आरोप लगाया है, जिससे खुदरा व्यापार बुरी तरह विकृत हो रहा है। इस मिलीभगत से देश के पारंपरिक खुदरा व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि करीबन 1.5 लाख मोबाइल खुदरा व्यापारी इन अनुचित प्रथाओं के कारण संघर्ष कर रहे हैं, जिनमें से 50 हजार से अधिक छोटे व्यापार पहले ही बंद हो चुके हैं। कई छोटे व्यापारी ग्रे मार्केट स्टॉक्स पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और समर्थित एग्रीगेटरों के बीच की सांठगांठ से घरेलू अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो रहा है।

### सिंधी काउंसिल महिला विंग ने की पूजा-अर्चना

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई महिला विंग द्वारा गणेश उत्सव पर पूजा-अर्चना कर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें माता एवं श्याम बाबा के भजन गाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, सोनिया निंज्यानी, जूही दरयानी, लक्ष्मी चंचलानी, कशिश खेमानी, आशा सचदेव, श्वेता सिंधवानी, मानसी कुकरेजा, दीपिका जेठवानी, रिया जयसिंघानी, हेमा जेठानी उपस्थित रहीं।

# बीएसपी ने रावघाट वनांचल में बढ़ाई शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर खेल आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है।तीन अस्पताल खोड़गाँव स्वास्थ्य केंद्र, दण्डकवन स्वास्थ्य केंद्र और अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इसके अलावा एक मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी साप्ताहिक सेवा प्रदान की जा रही है। जिसमें सेनेटरी पैड का भी वितरण किया जाता है। गंभीर मरीजों को सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई रिफर किये जाने की सुविधा भी है। रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 22 बफर जोन गांवों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस सुविधा से वर्ष 2023-24 में 9346 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिवर्ष क्षेत्र की 24 बालिकाओं को नर्सिंग कराया जाता है। अब तक कुल 248 बालिकाओं में से कई बालिकाएँ विद्या अर्जन के पश्चात सरकारी और प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी रोजगार प्राप्त कर अपनी सेवाएँ दे रहीं हैं। रावघाट सीएसआर गतिविधि के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट माइंस क्षेत्र के 10 वीं पास युवाओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर में 22 युवाओं का चयन किया गया है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किकिरमेटा में मिले 11 नए मरीज, अब तक डायरिया से 82 ग्रामीण संक्रमित

**दुर्ग।** पाटन अंतर्गत सेक्टर रानीतराई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीतराई के आश्रित ग्राम किकिरमेटा में पिछले चार दिनों में 82 डायरिया के मरीज सामने आए है। वही सोमवार को डायरिया के नए 11 मरीज मिलने से हडकंप मची है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराकर दवा का वितरण किया जा रहा है। पीएचई विभाग द्वारा गांव में फैले संक्रमण के बाद हरकत में आई है। वही संक्रमित मरीजों के घरों से सैंपल लेकर पानी जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें बैक्टीरिया पाया गया है। संक्रमित होने का प्रमुख कारण गंदे पानी है। जिले के आईडीएसपी अधिकारी के द्वारा विजिट किया गया। इस दौरान पता चला कि, 16 सितंबर 2024 को ग्राम में दसगात्र कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम में टैंकर के पानी का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। उल्टी-दस्त की आऊट ब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग, संदीप ताम्रकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम दुर्ग के मार्गदर्शन में नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है।

### शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्तरीय 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन जेआरडी स्कूल दुर्ग में किया गया। इस प्रतियोगिता में स्टील बाक्सिंग क्लब सिविक सेंटर भिलाई के बालक वर्ग में अंश कुमार यादव 57 से 60 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, आर्यन जूना 63 से 66 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, रजनीश यादव 48 से 51 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, इशान गिरी 75 से 81 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, नमन सिंह 60 से 63 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल, आर्यन दुबे 54 से 57 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। क्लब के कोच पूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन पुरुस्कार से सम्मानित राजेन्द्र प्रसाद है। क्लब के सदस्य धनन्जय चतुर्वेदी, अरुण जेना, वीर सिंह राजपूत, अमरीक, रविशंकर, रवि, सुदीप अग्रवाल, संतोषी मांझी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

### लाइसेंस आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक माह बढ़ेगी

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने सांसद विजय बघेल से बीएसपी के छोटे आवासों के लायसेंसे आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक महीने वृद्धि करवाने की मांग की है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 2011 में जिन वासियों से छोटे मकानों को लाइसेंस में वितरण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी । उनकों बीएसपी प्रबंधन द्वारा 11 सितंबर तक लाइसेंस आबंटन राशि जमा करने की अंतिम तिथि प्रदान किया गया था। लेकिन इन मकानों में रहने वाले 300 से ज्यादा रहवासी ने इस राशि को जमा करने में असमर्थ थे। कुछ लोग आर्थिक कारण से और कुछ बीमारी के कारण राशि जमा नहीं कर पाए। यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने सांसद बघेल से मिलकर रहवासियों के लाइसेंस में पैसा जमा करने की अवधि में एक माह की और वृद्धि कराने की मांग की।

---

**विसर्जन : मंगलवार को हवन-पूजन के बाद शुरू हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला**

# न डीजे का शोर, न फूहड़ डांस, बाजे-गाजे के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणपति को दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला मुख्यालय सहित अंचल में स्थापित गणेश पंडालों में पूजा-अर्चना के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन यज्ञ हवन करने के बाद विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो गया है, जो लगातार 2 दिन तक जारी रहेगा। इस बार लंबे अरसे बाद न डीजे का शोर रहा और ना ही फूहड़ डांस दिखाई दिया, बल्कि गाजे बाजे के साथ या फिर चार पहिया वाहनों में जयकारा लगाते हुए तालाबों व नदी पहुंचकर समिति के सदस्ययों ने भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शहर के प्रबुद्धजनों ने सरकार ओर न्यायालय द्वारा डीजे बजाने को लेकर उठाए गए कदमों की सरहाना।

गौरतलब हो कि शहर के गायत्री मंदिर की पीछे, सिंघोरी में न्यू दुर्गा गणेश मंच सहित पुराने जनपद भवन के के पास बाजार पर सोनी पारा, गोठिया पारा, गौरव पथ सहित कोबिया सिंघोरी मोहभट्ठा एवं पिकरी वार्डों के विभिन्न स्थानों पर हवन कर भगवान श्री गणेश का आसन हिलाया गया। उसके बाद शहर में भ्रमण कर कर बड़ी मूर्तियों को बेमेतरा शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित शिवनाथ नदी में विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो गया। प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला बुधवार तक चलने की संभावना है। शिवनाथ नदी में गणेश विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। जहां पर सभी तरह के सुरक्षा की भी तैयारी की गई है। इससे पहले लोगों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच विघ्नहर्ता गणेश जी का अपने घरों व पंडालो में स्वागत किया।

किसी ने रंग बिरंगे फूल गणेश जी के स्वागत में उनके ऊपर बरसाए तो किसी ने गुलाल लगाकर गणेश जी का गृह प्रवेश करवाया। ठीक इसी तरह बेमेतरा के बीटीआई मैदान में जय श्री राम गणेश उत्सव समिति द्वारा मंगलवार शाम को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी का विधि विधान के साथ मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रथम पूजनीय श्री गणेश और गौरी गणेश की पूजा अर्चना की गई।

## थानखम्हरिया में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**थानखम्हरिया।** मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति और अन्य मोहल्ले में स्थापित गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन समारोह में ढोल-नगाड़े की धुन पर झूमते-नाचते हुए किया गया।

इस वर्ष न्यायालय के कठोर प्रतिबंध के कारण डीजे साउंड का उपयोग नहीं किया गया, लेकिन इसके बावजूद समारोह में उत्साह और उल्लास की कमी नहीं रही। शांति और वातावरण के अनुकूल तरीके से गणेश विसर्जन तालाब और नदियों में किया गया। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और सुख-समृद्धि का देवता माना जाता है, और उनकी पूजा करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। पंडित ज्ञान प्रकाश जोशी ने बताया कि हिंदू धर्म में हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणेश जी की मूर्ति की स्थापना अपने घर में लाकर करते हैं। पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ उनका पूजन करते हुए 10 दिनों तक गणेश उत्सव का पर्व चलता है, जिसके बाद अनंत चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की भावना के साथ गणपति मूर्ति





का विसर्जन किया जाता है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों ने विशेष रूप से भाग लिया और गणेश जी को विदाई दी।

---

## स्वकच्छता अभियानों तक ही नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा बने : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में देश भर में मनाया जा रहा है। इसके तहत 2 अक्टूबर गाँधी जयंती तक देश भर में शहरी और ग्रामीण सार्वजनिक स्थलों, विद्यालय परिसर, धर्मस्थलों के आस पास, आंगनबाड़ी और शासकीय कार्यालयों की पूर्ण सफाई का महाअभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता को जीवन की दैनिक आदतों में शुमार करने का संदेश प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है।

- लोलेसरा में स्वच्छता ही सेवा अभियान की हुई शुरुआत

इसी तारतम्य में पुण्य मेला ग्राम लोलेसरा में कलेक्टर रणवीर शर्मा, पुलिस कप्तान रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी, जनपद सीईओ,ब्लाक शिक्षा अधिकारी, शिक्षक सुनील झा, लोलेसरा स्कूल के प्रधान पाठक बंछोर सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,सफाई दीदियों ने स्कूल प्रांगण की साफ सफाई की। अपने बीच कलेक्टर और एसपी को पाकर छात्र छात्राओं में बहुत उत्साह रहा। उन्होंने कलेक्टर रणवीर शर्मा के साथ सेल्फी ली और कलेक्टर शर्मा ने भी बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, महिला पंचायत प्रतिनिधियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि घरेलू सफाई तो हम महिलाओं की आदतों में शामिल है, अब अपने आस पास के सार्वजनिक स्थलों की भी साफ सफाई और स्वकच्छता का ख्याल अपने घर की तरह सामूहिक जिम्मेदारी के साथ करना है। डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि स्कूल के दिनों से ही राष्ट्र मेरा प्रथम घर है की भावना का अंगीकरण छात्र छात्राएं करें। यह महती जिम्मेदारी उपस्थित शिक्षकों की है। व्याख्याता सुनील झा ने मंच संचालन किया आभार प्रदर्शन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया।

## विधायक दीपेश ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर में पूजा-अर्चना की।

उन्होंने संसार के प्रथम वास्तुकार, निर्माण और सृजन के देवता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी श्रमवीरों सहित क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सरपंच छोटू राम साहू परमेश्वर साहू,ओमकार साहू,टिकेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी मौजूद रहे।



विधायक दीपेश साहू ने कहा कि, हमारे श्रमवीर क्षेत्र को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी का तकनीक कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

## जय श्री गणेशोत्सव समिति ने योगेश का किया सम्मान

**बेमेतरा।** जिले में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में बीटीआई ग्राउंड, बेमेतरा में जय श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित वार्षिक गणेशोत्सव के समापन अंतिम दिन मंगलवार को सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी को समाज सेवा में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल ने बताया कि योगेश तिवारी पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। खासतौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने बेमेतरा के लोगों के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की और आज भी समाज सेवा के अपने संकल्प को मजबूती से निभा रहे हैं। वर्तमान में वह 250 बिस्तरों वाले मां गोदावरी आनंद आश्रम के माध्यम से बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं। वहीं, योगेश तिवारी ने समाज सेवा के लिए सम्मानित किए जाने पर कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि बेमेतरा की पवित्र धरती पर जन्म लेने वाले एक किसान नेता को आज यह सम्मान मिला है। मैंने अपनी मिट्टी से जुड़ने का जो संकल्प लिया है, वह जीवन भर जारी रहेगा। इस दौरान गिरीश गबेल, अजय शुक्ला, विकाश तिवारी, प्रांजल गौतम, दिलीप पटेल, प्रवीण नीलू राजपूत, मुकेश ठाकुर, संतोष साहू, चंदन सोनी, शेखर राजपूत सहित सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

### जनदर्शन में शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 14 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

मंगलवार को कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे थे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 14 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया।

वहीं, गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से ग्राम पंचायत नरी व ग्राम पंचायत कोसा के निवासी केजू साहू ने नल जल योजना कनेक्शन दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बमेतरा के सिंगपुर के समस्त ग्रामवासी ने ट्रॉसफार्मर दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा के ग्राम किरकी के समस्त ग्रामवासी ने किरकी से डूडा किरकी से पदुमसरा सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करान के संबंध दिया, इसी तरह ग्राम बिरमपुर के समस्त ग्रामवासी ने बिरमपुर को करंजिया पंचपायत में सम्मिलित कराने के के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया गया आयोजन**

## बीजाभाट में लगा शिविर, हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अवसर पर स्वच्छाग्रही दीदियों व सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए मंगलवार को जनपद पंचायत बेमेतरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीजाभाट के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में स्वच्छाग्रही स्वास्थ्य जांच एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में श्रम विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य, समाज कल्याण, मनरेगा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, विद्युत विभाग, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कौशल विकास/ जीएमडीआईसी, ईडीएम विप्स सहित अन्य विभागों द्वारा शिविर स्थल में स्टाल लगाए गए। हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा 30 स्वच्छाग्रहियों का श्रम पंजीयन किया गया एवं 3 पंजीयन का नवीनीकरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 85 स्वच्छाग्रहियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। खाद्य विभाग को 39 उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 85 आवेदन मिले, स्वच्छ भारत मिशन को 23 आवेदन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 03 आवेदन, विद्युत विभाग को 04 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग को 09 आवेदन मिले। इस तरह शिविर में कुल 208 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल, जनपद पंचायत बेमेतरा के सीईओ पी एल ध्रुवे सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत खण्डसरा के हाई स्कूल में स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं कल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा।



